भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †2942
दिनांक 05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

देश में बैराइट के भंडार

†2942. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में बैराइट भंडारों के संबंध में कोई अध्ययन अथवा सर्वेक्षण कराया है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देशभर में प्रस्तावित, स्वीकृत एवं वर्तमान में संचालित बैराइट खानों की आंध्र प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची क्या है;
(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान देशभर में बैराइट खनन अन्वेषण परियोजनाओं के लिए आवंटित और जारी की गई कुल निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) गत पाँच वर्षों के दौरान निर्यात किए गए बैराइट की कुल मात्रा और उसके मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ङ) वर्तमान में देश में बैराइट के भंडारों में उपलब्ध कुल मात्रा का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(च) क्या सरकार गत दस वर्षों के दौरान बैराइट भंडारों के तीव्र क्षय से अवगत है, यदि हाँ, तो वर्ष-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(छ) वर्तमान में देश में बैराइट भंडारों में बची शेष मात्रा का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और देश में बैराइट भंडारों के तीव्र क्षय को कम करने अथवा उसकी गति को धीमा करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) और (ख): भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने कार्य सत्र 2022-23 से 2025-26 के दौरान मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में बैराइट के लिए 09 गवेषण परियोजनाएं कार्यान्वित कीं और राष्ट्रीय खनिज खोज और विकास न्यास (एनएमईडीटी) ने महाराष्ट्र और उत्तराखंड में बैराइट और संबद्ध खनिजों पर 03 खनिज गवेषण परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण

को अनुमोदित किया है। तथापि, इन परियोजनाओं से अब तक बैराइट के संसाधनों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

इसके अतिरिक्त, देश में आंध्र प्रदेश सहित बैराइट के 94 खनन पट्टे हैं, जिनका राज्य-वार विवरण नीचे दिया गया है:

राज्य	पट्टों की संख्या
आंध्र प्रदेश	79
हरियाणा	2
कर्नाटक	2
राजस्थान	4
तेलंगाना	7

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में खनिज गवेषण परियोजनाओं (बैराइट सहित) पर जीएसआई द्वारा आवंटित और जारी की गई तथा एनएमईडीटी द्वारा स्वीकृत कुल निधियों की राशि का विवरण इस प्रकार है:

(आंकड़े ₹ करोड़ में)

वित्त वर्ष	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
आवंटित निधियां	54.60	63.00	66.15	66.90	70.00
जारी की गई निधियां	54.47	62.93	66.06	66.73	69.93

(घ): पिछले पांच वर्षों में निर्यात किए गए बैराइट का विवरण इस प्रकार है:

(मात्रा टन में)

2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (अनंतिम)
18,74,837	24,45,691	23,10,272	18,25,553	20,83,692

(ङ) से (छ): बैराइट भंडार के मामले में भारत दुनिया में चौथे स्थान पर है। देश भर में उपलब्ध बैराइट भंडार का राज्य-वार विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	राज्य	संसाधन (टन में)
1	आंध्र प्रदेश	46,38,861
2	राजस्थान	1,25,731
3	तेलंगाना	48,81,809
	कुल	96,46,401

*****